हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 15 मई 2026

13 मॉक ड्रिल : सायरन बजते ही सजग हुआ प्रशासन...



14 आज से फिर लगेंगी भटूरे की रेहड़ियां हड़ताल खत्म



## फतेहाबाद की टॉपर सूची में बेटियों का दबदबा, पिछली बार से 3 फीसदी गिरावट

# एचबीएसई 10वीं का परिणाम : गांव बिसला की आरजू जिले में टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित 10वीं परीक्षा परिणाम में फतेहाबाद जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। पिछली साल के मुकाबले रिजल्ट में 3 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है। पिछली बार 93.59 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए थे। मगर इस बार 90.11 फीसदी रिजल्ट रहा है। जिले की टॉपर सूची में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। गांव बिसला स्थित पिंक सिटी हाई स्कूल की छात्रा आरजू ने 500 में से 497 अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, आरजू ने पूरे प्रदेश में टॉप-3 में स्थान हासिल किया है। आरजू ने हिंदी में 99, अंग्रेजी में 92, गणित में 98 तथा सोशल साइंस, साइंस और पंजाबी में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए, वहीं टोहाना स्थित महाराजा अग्रसेन स्कूल के छात्र संजीव कुमार ने 494 अंक लेकर जिले में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।



फतेहाबाद। जिले में टॉपर रही छात्रा आरजू को मिठाई खिलाते परिवार के सदस्य।

### आईपीएस बनना चाहती है आरजू

आरजू ने बताया कि उसका सपना आईपीएस बनना है। वह आईपीएस बनकर देशसेवा करना चाहती हैं। वह स्कूल के बाद हर रोज तीन से चार घंटे पढ़ाई करती रही। मोबाइल या सोशल मीडिया का प्रयोग बिल्कुल नहीं किया। हमेशा अपनी पढ़ाई पर फोकस किया। उसे 95 प्लस फीसदी अंक लेने का जुनून था। आरजू के पिता महेंद्र सिंह खेतीबाड़ी करती हैं जबकि मां सुमन हाउसवाइफ है। महेंद्र सिंह की पांच बेटियां हैं। इनमें आरजू दूसरे नंबर की है। सबसे बड़ी दीपिका है, वह भी पढ़ाई में अव्वल रही है। तीसरे नंबर की रीनू सातवीं कक्षा में पढ़ती है जबकि दो छोटी बेटियां सोनाक्षी व अंतिमा केजी क्लास में हैं। आरजू के पिता महेंद्र सिंह ने बताया कि उनके लिए बेटियों और बेटे में कोई फर्क नहीं है। वह सभी बेटियों को खूब पढ़ाएंगे। जो बेटी जितना पढना चाहेगी, उसकी पूरी मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि वे तीन भाई हैं। तीनों भाईयों के पास 20 एकड़ जमीन हैं। उसी पर खेती करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं।

### दूसरे नंबर पर हिमानी और पायल रही

जिले में दूसरा स्थान दो विद्यार्थियों ने सांझा किया। भिरड़ाना के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की हिमानी और बनावाली के शांति महक पब्लिक स्कूल की पायल रानी ने 495-495 अंक प्राप्त किए। हिमानी ने अंग्रेजी और पंजाबी में 100 अंक हासिल किए, जबकि पायल रानी ने अंग्रेजी, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, ढांड के सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के भव्य बिश्नोई और टोहाना के महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संजीव कुमार ने 494 अंक लेकर जिले में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी का माहौल रहा। स्कूलों में मिठाइयां बांटकर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।



### गोरखपुर की मनीषा ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 493 अंक लेकर जिलेभर में पाया दूसरा स्थान

फतेहाबाद। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं की परीक्षा परिणामों में गांव गोरखपुर स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस शानदार परीक्षा परिणाम से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ है, बल्कि पूरे फतेहाबाद जिले में बेटियों की शिक्षा को लेकर एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। परीक्षा परिणामों में विद्यालय की छात्रा मनीषा ने 500 में से 493 अंक प्राप्त कर कला संकाय में पूरे फतेहाबाद जिले में द्वितीय स्थान हासिल कर एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। वहीं, छात्रा पायल ने 483 अंक लेकर विद्यालय में दूसरा और प्रियंका ने 477 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का ओवरऑल परिणाम बेहद उत्साहजनक रहा, जिसमें 12 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक और 21 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

### आरोही स्कूल, बनगांव का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



फतेहाबाद। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बनगांव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के कुल 39 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 23 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य विपिन गर्ग ने बताया कि विज्ञान संकाय में कोमल पुत्री अंचल सिंह ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। आयुषी पुत्री सुरेश कुमार ने 90.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा सिमोना पुत्री श्री आत्मा राम ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में महक पुत्री श्रीचंद ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### वंदिता कस्वां कला संकाय में बनी देश की द्वितीय टॉपर

- शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल में हुआ भव्य सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने वाली शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की मेधावी छात्राओं के सम्मान में बृहस्पतिवार को स्कूल परिसर में भव्य सम्मान समारोह हुआ। विद्यालय की कला संकाय की छात्रा वंदिता कस्वां ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर हरियाणा में पहला तथा देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं रितिका ने 99.4 प्रतिशत अंक लेकर हरियाणा में दूसरा स्थान हासिल कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। प्रबंधन समिति के सदस्य चरणजीत सिंह, रिटायर्ड कर्नल नरेंद्र पाल सिंह तूर, रामकिशन बजाज, प्रधानाचार्या डॉ. शीला पूनिया तथा उप-प्रधानाचार्या सीमा छाबड़ा ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह से पूर्व बैंड की मधुर धुनों के बीच छात्राओं को मुख्य मंच तक लाया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं ने जूनियर विद्यार्थियों के साथ अपनी सफलता के अनुभव भी साझा किए। प्रधानाचार्या ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों पर पढ़ाई का काफी दबाव रहता है, लेकिन मेडिटेशन उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और विद्यार्थी तनावमुक्त होकर पढ़ाई पर पूरा फोकस कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में छात्राओं को नियमित रूप से अनुशासन, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया जाता है।



सिरसा। प्रबंधन समिति मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

### स्कॉलर्ज कान्वेंट स्कूल की रिया 95.6% अंकों के साथ विज्ञान संकाय में जिले में प्रथम

फतेहाबाद। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना चुके स्कॉलर्ज कॉन्वेंट स्कूल ने 12वीं कक्षा के परिणाम में भी शानदार प्रदर्शन की परम्परा को कायम रखा है। सीबीएसई द्वारा जारी किए गए 12वीं के परीक्षा नतीजों में स्कूल की विज्ञान संकाय की छात्रा रिया गोदारा ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया है। इसके साथ साथ स्कूल के 25 छात्र छात्राओं ने बोर्ड मेरिट हासिल की हैं। स्कूल के डायरेक्टर शैलेन भास्कर ने विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत का नतीजा है कि स्कूल के 33 बच्चो ने अंग्रेजी विषय 90 से अधिक अंक और 25 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट हासिल की। उन्होंने बताया कि विज्ञान संकाय में माधव ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया वहीं छात्रा समीक्षा 90.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में तीसरे स्थान पर रही। कॉमर्स में मोनाली 94.8 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम, श्रुति 92.2 अंक के साथ स्कूल में दूसरे स्थान पर रही।



टॉपर रिया गोदारा

### साहुवाला-द्वितीय की बेटियों ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

सिरसा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साहुवाला-द्वितीय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खंड नाथूसरी चौपटा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह ढिढारिया के नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय की प्राचार्या मंजू पूनिया ने बताया कि छात्रा प्रीति ने 480 अंक प्राप्त कर 96 प्रतिशत अंकों के साथ खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा निशा ने 479 अंक लेकर 95.8% के साथ द्वितीय स्थान तथा दिया ने 477 अंक हासिल कर 95.4% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या मंजू पूनिया ने मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तेज अंधड़ से 80 पेड़ व 110 बिजली के खंबे टूटकर धड़ाम

- पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव, बिजली रही गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बुधवार रात को फतेहाबाद में आए तेज अंधड़ से लगभग 80 पेड़ व 110 बिजली के खंबे टूटकर जमीन पर आ गिरे। इसके अलावा 11 केवी की लाइन टूटने से जिलेभर में बिजली सप्लाई ठप्प होकर रह गई। बिजली की सप्लाई सुचारू करने के लिए निगम के कर्मचारी वीरवार दोपहर तक लगे रहे। हालांकि शहरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू हो गई लेकिन जिन गांवों व ढाणियों में ट्रांसफार्मर व बिजली के पोल गिरे, वहां वीरवार शाम तक भी बिजली चालू नहीं हो सकी। अनेक खरीद केन्द्रों पर गेहूं उठान का काम सुस्त होने के कारण लाखों बोरी गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। ऐसे में रात को हुई तेज बरसात के कारण यह सारा गेहूं भी भीग गया। पिछले कई दिनों से मौसम विभाग ने 13 व 14 मई को एक नए पश्चिमी विक्षोभ आने की भविष्यवाणी की हुई थी। इसी पश्चिमी विक्षोभ के चलते बुधवार रात को जिला फतेहाबाद में आए तेज तूफान ने भारी तबाही मचाई। दरअसल दिन भर तेज धूप रही और शाम करीब 8 बजे एकाएक तेज आंधी शुरू हो गई। तूफान से खेतों में खड़े बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर व बिजली की लाइनें टूट कर जमीन पर आ गिरी। इसका सीधा असर बिजली सप्लाई पर पड़ा। जहां-जहां भी पेड़ गिरे, वहां पर निगम ने 33 केवी से लाइन काटकर किसी भी अनहोनी को रोकने का प्रयास किया। खासकर फतेहाबाद, रतिया, कुलां, टोहाना व भूना क्षेत्र में पेड़ व बिजली के पोलों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। भूना में पेड़ टूटने से सडक़ पर आ गिरे जिससे चण्डीगढ़ रोड पर जाम लग गया। बिजली निगम के कर्मचारियों ने बुधवार रात को ही मोर्चा संभाल लिया और टूटे खंबों को खड़ा करने का काम शुरू कर दिया। इस कारण शहरी क्षेत्र में तो कुछ घंटों बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई जबकि जहां ट्रांसफार्मर व लाइनें गिरी, उन गांवों व ढाणियों में ट्रांसफार्मर बदलने का काम वीरवार शाम तक जारी रहा।



फतेहाबाद। तेज तूफान से सड़क पर गिरा पेड़। फोटो: हरिभूमि

### भूना व फतेहाबाद में सबसे ज्यादा नुकसान

तेज अंधड़ से जिले में काफी पेड़ गिर गए हैं। सबसे ज्यादा घटनाएं भूना व फतेहाबाद क्षेत्र में हुई हैं। जहां पर वन कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से सडक़ों से पेड़ हटवाए। इस कार्य में 6 से 8 घंटे का समय लगा। तब जाकर फतेहाबाद-चण्डीगढ़ रोड पर जाम खुला। अन्य सडक़ों से भी टूट पेड़ों को हटा दिया गया है। **-राजेश कुमार**, डीएफओ फतेहाबाद

### 132 केवी सब स्टेशनों पर ब्रेक डाउन

रात को आई आंधी से कई 132 केवी सब स्टेशनों पर ब्रेक डाउन हो गया। कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पार्ट को ठीक किया और बिजली आपूर्ति बहाल करवाई। जहां दिक्कत है वहां कर्मचारी काम पर लगे हुए हैं। कितने पोल टूटे इसकी सूचना विभाग के फील्ड में लगे कर्मचारी जुटाने में लगे हुए हैं। **-अशोक कुमार**, एक्सइन बिजली निगम

### सांसद से मिले किसान, सच्चा खेड़ा माइनर से जोड़कर सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने की मांग

फतेहाबाद। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि किसानों के खेत तक पर्याप्त सिंचाई पानी पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी सुविधा एवं समृद्धि के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। किसी भी किसान को सिंचाई, फसल खरीद या कृषि संबंधी सुविधाओं को लेकर परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान बिठमड़ा और आसपास के क्षेत्रों के किसान अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिले। किसानों ने सांसद के समक्ष मांग रखी कि उन्हें सच्चा खेड़ा माइनर से जोडक़र सिंचाई पानी उपलब्ध करवाया जाए।



### यूजी में प्रवेश आरंभ : एमएम कॉलेज में विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन के लिए एडमिशन सेल स्थापित

फतेहाबाद। मनोहर मैमोरियल कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र के लिए स्नातक स्तर पर नए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों की सुविधा और सहायता के लिए एक विशेष एडमिशन एवं परामर्श सेल स्थापित किया गया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने बताया कि शिक्षा विभाग के नियमानुसार कॉलेज में दाखिले के इच्छुक नए विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एक सुगम और पारदर्शी दाखिला प्रक्रिया उपलब्ध कराना है। एडमिशन सैल के इंचार्ज डॉ. रोबिन आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो चुकी है, जो 31 मई तक जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन पूरी तरह से निशुल्क किया जा रहा है। विद्यार्थियों से किसी प्रकार का कोई चार्ज नहीं लिया जा रहा। रजिस्ट्रेशन करने और फॉर्म वेरीफाई करवाने के लिए विद्यार्थियों हेतु कॉलेज की कंप्यूटर लैब में विशेष व्यवस्था की गई है। इस सैल का मुख्य उद्देश्य दाखिला प्रक्रिया को सरल बनाना और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोडना है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में विभिन्न संकायों जैसे बीए, बी.कॉम, बीए ऑनर्स पंजाबी, बीएससी मेडिकल, बीएससी नॉन-मेडिकल और प्रोफेशनल कोर्सेज में बीसीए व बीबीए के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।

# महिला के शव पर हक को लेकर भिड़े मायका और ससुराल पक्ष

### विवाद चक्का जाम में बदला, पुलिस बल के साये में हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶रतिया

क्षेत्र के गांव बबनपुर ढाणी की निवासी 40 वर्षीय विवाहिता तरनजीत कौर की मौत के बाद शव के अंतिम संस्कार को लेकर मायका और ससुराल पक्ष के बीच पैदा हुआ विवाद वीरवार को हिंसक टकराव और चक्का जाम में बदल गया। पूरे दिन चले हाई वोल्टेज ड्रामे और भारी तनाव के बीच प्रशासन ने अंततः पुलिस बल की मौजूदगी में रतिया के रामबाग में महिला का अंतिम संस्कार करवाया। बता दें कि तरनजीत कौर ने कथित तौर पर पारिवारिक कलह और जेठ-जेठानी की प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मृतका के भाई अवतार सिंह के बयान पर मामला दर्ज किया था। बुधवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद से ही दोनों पक्ष शव ले जाने की जिद पर अड़े थे, जिसके कारण शव को रातभर मर्चरी में रखना पड़ा। वीरवार सुबह जैसे ही पुलिस ने शव मायका पक्ष को सौंपकर एम्बुलेंस को मानसा (पंजाब) के लिए रवाना करना चाहा, ससुराल पक्ष के लोग भडक़ गए। उन्होंने एम्बुलेंस को घेर लिया और फतेहाबाद-बुढलाडा स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर हाथापाई हुई।



रतिया। एम्बुलेंस को घेरते लोग। फोटो: हरिभूमि

### क्या है पूरा मामला

मृतका के भाई अवतार सिंह निवासी गांव बरे, जिला मानसा ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन की शादी करीब 18 वर्ष पहले बबनपुर ढाणी निवासी मलकीत सिंह के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही गुरदीप कौर का जेठ कुलदीप सिंह और जेठानी परविंदर कौर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। पारिवारिक कलह के चलते कई बार पंचायतें भी हुईं, लेकिन उत्पीडन बंद नहीं हुआ। प्रताडना से तंग आकर उसकी बहन ने 11 मई को जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसे गंभीर हालत में हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मरने से पहले दिए बयानों में भी महिला ने जेठ-जेठानी पर गंभीर आरोप लगाए।

### पुलिस से हुई धक्का-मुक्की

जैसे ही पुलिस प्रशासन शव को अंतिम संस्कार के लिए बुढलाडा रोड स्थित शमशान घाट ले जाने लगा, मायका पक्ष के लोग रास्ते में धरने पर बैठ गए। मृतका के भाई अवतार सिंह का कहना था कि उसकी बहन की अंतिम इच्छा अपने मायके गांव बरे, मानसा में अंतिम संस्कार की थी और वे इसे हर हाल में पूरा करेंगे। यहां स्थिति और गंभीर हो गई जब प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की हुई। अंततः पुलिस ने धरना दे रहे लोगों को खदेड़कर रास्ता साफ करवाया।

### मृतका के भाई व बेटे से अंतिम रस्में पूरी करवाई

प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए शमशान घाट का मुख्य गेट बंद कर दिया और केवल दोनों पक्षों के कुछ चुनिंदा सदस्यों को ही अंदर जाने की अनुमति दी। भारी पुलिस सुरक्षा के बीच मृतका के बेटे और भाई से अंतिम रस्में पूरी करवाई गईं। इस दौरान शमशान घाट के बाहर मौजूद दोनों पक्षों अपनी-अपनी मांगों को प्रदर्शन करते रहे।

# नीट पेपर लीक और एचपीएससी भर्ती घोटाले के खिलाफ युवाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

देश में लगातार हो रहे पेपर लीक और एचपीएससी भर्ती घोटालों के खिलाफ युवाओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और भारत की जनवादी नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। युवाओं ने नीट परीक्षा पेपर लीक, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की भ्रष्ट कार्यप्रणाली और एचपीएससी भर्ती प्रक्रिया में खुली धांधली पर रोष जताया। संगठनों ने प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपकर परीक्षा प्रणालियों में सुधार और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। नौजवान सभा के जिला प्रधान पवन ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब एनटीए की लापरवाही और संस्थागत भ्रष्टाचार के कारण लाखों विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर लगाया गया है। उन्होंने याद दिलाया कि 2024 में भी एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा लीक हुई थी, जिसे अंततः रद्द करना पड़ा था। उस परीक्षा में 67 विद्यार्थी एक साथ रैंक-1 पर आए थे, जो किसी भी व्यक्ति को यह समझाने के लिए पर्याप्त है कि यह परीक्षा नहीं, बल्कि एक सुनियोजित घोटाला था। जिला कैशियर संदीप जांगड़ा ने कहा कि इस भ्रष्ट तंत्र की वजह से देश के 22 लाख निर्दोष विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में लटक गया है।



## किसानों की वर्षों पुरानी समस्या का होगा समाधान, मिलेगी राहत

# हजारों एकड़ भूमि को मिलेगी जलभराव से राहत करीब 14 करोड़ की लागत से बिछेगी पाइपलाइनें

- पूर्व विधायक दुड़ाराम ने किया परियोजना का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

प्रदेश सरकार किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार बड़े स्तर पर कार्य कर रही है तथा जलभराव जैसी गंभीर समस्याओं के स्थायी समाधान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा गांव बड़ोपल और चिंदड़ में बरसाती पानी निकासी के लिए बनने वाली महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास पूर्व विधायक दुड़ाराम ने वीरवार को किया।



फतेहाबाद। परियोजनाओं का शिलान्यास करते पूर्व विधायक। फोटो: हरिभूमि

### फसलों को नुकसान से बचाना उद्देश्य

योजना के अनुसार गांव बड़ोपल क्षेत्र में खेतों से बरसाती पानी की निकासी के लिए खाराखेड़ी माइनर के साथ 900 एमएम व्यास की आरसीसी एनपी-3 पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस परियोजना पर लगभग 9.75 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी तथा मुख्य पाइपलाइन की लंबाई लगभग 8.6 किलोमीटर होगी। पाइपलाइन निर्माण का उद्देश्य बरसात के दौरान खेतों में होने वाले जलभराव को रोकना और किसानों की फसलों को नुकसान से बचाना है। गांव चिंदड़, सारंगपुर तथा खासा महाजन क्षेत्र के खेतों से बरसाती पानी की निकासी के लिए भी अलग परियोजना पर कार्य किया जाएगा। इस योजना का नक्शा एवं प्रस्ताव हरियाणा स्टेट ड्रेनेज एवं फ्लड कंट्रोल बोर्ड की 57वीं बैठक में स्वीकृत किया गया है। इन दोनों परियोजनाओं पर कुल मिलाकर लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इन्हें आगामी मानसून सीजन से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद हजारों एकड़ कृषि भूमि को जलभराव से राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### लोकेश ने 98.2 फीसद अंक हासिल किए

**चोपटा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में चौपटा के संत कबीर इंटरनेशनल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय ने इस वर्ष कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 फीसद परिणाम दर्ज कर सफलता का स्वर्णिम इतिहास रचा है। स्कूल के छात्र लोकेश 98.2 फीसद, स्नेहा ने 96.8 फीसद अंकों के साथ द्वितीय स्थान व रीतिका ने 96 फीसद अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### एमएम स्कूल ओढ़ा के विद्यार्थी मेरिट सूची में चमके

**सिरसा।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में एमएम मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओढ़ा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। विद्यालय का परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा तथा विद्यार्थियों ने अपने मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की मेधावी छात्रा जैस्मिन ने 96.6 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

### बिजली के ट्रांसफार्मर में लगी आग

**सिरसा।** शहर के नोहरिया बाजार स्थित गली मोचियोंवाली के नुक्कड़ पर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में वीरवार को आग लग गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी निगम कार्यालय में दी जिस पर लाइट बंद करवाई गई। सूचना मिलने पर दमकल कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर से तेल लीक होने और अधिक गर्मी के कारण लोड बढने के कारण आग लगी है। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों व विद्युत निगम के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया और बाद में विद्युत सप्लाई बहाल करवाई।

### अव्वल विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित : रघुवीर

**सिरसा।** सीबीएसई व भिवानी बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करने वाले दाधीच ब्राह्मण समाज के होनहारों को श्री महर्षि दाधीच ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रोत्साहन के तौर पर सम्मानित किया जाएगा। महासभा के जिला प्रधान रघुवीर शर्मा ने बताया कि 12वीं के घोषित भिवानी बोर्ड के परिणामों में योगिता शर्मा निवासी काबरेल ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अभिभावकों व समाज का नाम रोशन किया।

### डीईईओ से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

**सिरसा।** प्राथमिक विद्यालयों व प्राथमिक शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के संबंध में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी सिरसा ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई। डीईईओ ने स्वयं व्यक्तिगत रूचि लेते हुए केस रिपोर्ट लेकर कार्यकारिणी को सूचित करने को कहा। इसके साथ-साथ प्राथमिक विद्यालयों में ऑफलाइन नामांकित बच्चों को भी वित्तीय लाभ प्रदान किए जाने व एमआईएस पर टेंपररी परिवार पहचान पत्र का ऑप्शन खोले जाने सहित कई मुद्दों को हल करने पर सहमति बनी।

### खारियां स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**सिरसा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वी कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें खंड रानियां के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खारियां के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कुल 163 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें 35 विद्यार्थियों ने मेरिट मे अपना स्थान बनाया। विज्ञान संकाय में किरण 94.2 प्रतिशत और भूमिका 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खंड स्तर पर प्रथम व द्वितीय रही जबकि युवराज (मेडिकल) 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खंड में द्वितीय रहा।

---

## एनडीआरएफ, एनएसएस व एनसीसी कैडेट्स का रहा सराहनीय योगदान

*जिले में बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखा*

# मॉक ड्रिल : सायरन बजते ही सजग हुआ प्रशासन, अलर्ट मोड़ में हुआ राहत कार्य

**एसपी और डीसी ने नागरिक अस्पताल सहित स्टेजिंग एरिया नई सब्जी मंडी व राहत कैम्प डीपीआरसी हाल का दौरा कर लिया जायजा**

*अभ्यास के दौरान कुल 28 घायलों को रेस्क्यू किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में गुरुवार की सुबह लघु सचिवालय परिसर में सायरन बजते ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आया और तुरन्त प्रभाव से बाढ़ की स्थिति से पैदा हुई आपदा में राहत कार्य में जुट गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी डॉ. विवेक भारती प्रशासनिक टीम के साथ स्वयं फील्ड में नजर आए और बचाव व राहत कार्य में जुटी टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी के साथ एसपी निकिता ने आपदा के कारण प्रभावित स्थल लघु सचिवालय का एक भाग व नागरिक अस्पताल सहित स्टेजिंग एरिया नई सब्जी मंडी व राहत कैम्प डीपीआरसी हाल का दौरा करते हुए आपदा प्रबंधन का जायजा लिया। आपदा प्रबंधन के तहत हुई मॉक एक्सरसाइज के नोडल अधिकारी एवं एडीसी अनुराग ढालिया ने कंट्रोल रूम से हर पहलू पर नजर रखी। पूरी मॉक एक्सरसाइज की लाइव स्टीमिंग भी हुई। पूरी मॉक एक्सरसाइज का सुपरविजन सेना की टीम द्वारा किया गया। जिला प्रशासन फतेहाबाद द्वारा बाढ़ जैसी आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, पुलिस, फायर विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के दौरान आपदा की स्थिति में कुल 28 घायलों को रेस्क्यू किया गया जबकि 6 लोगों को मृत घोषित किया गया।




**फतेहाबाद।** फ्लड मॉक ड्रिल में भाग लेते कर्मचारी। मॉक ड्रिल के दौरान कर्मचारियों को निर्देश देते डीसी डॉ. विवेक भारती, साथ में एसपी निकिता खट्टर।

गंभीर रूप से घायल 13 लोगों को जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया गया, जबकि 9 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद राहत केंद्र भेजा गया अथवा छुट्टी दे दी गई। राहत स्थल, स्टैजिंग एरिया, घटना स्थल 1 व 2 पर एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार व सीईओ जिप सुरेश कुमार अपनी राहत टीम के साथ मौजूद रहे। जिला फतेहाबाद में आयोजित फ्लड मॉक एक्सरसाइज के दौरान भारी बारिश और बाढ़ की काल्पनिक स्थिति बनाकर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया। मॉक सीनारियो के अनुसार लघु सचिवालय में बाढ़ का पानी घुस गया तथा भवन का एक हिस्सा ढह गया, जिसके चलते कई लोगों के मलबे में दबने और घायल होने की सूचना मिली। घटना के तुरंत बाद जिला प्रशासन ने इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर सक्रिय किया और एनडीआरएफ, पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया। पुलिस लाइन में हैलिपेड तैयार किया गया। घायलों को सुरक्षित निकालकर जिला नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर घायलों का उपचार किया गया तथा अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद राहत केंद्र भेजा गया।

## सिरसा : नदी में डूब रहे आठ लोगों को किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को गांव पनिहारी के निकट घग्गर के तटबंध के पास और सिरसा-रानियां-डबवाली हाईवे पर मीरपुर के निकट बाढ़ आपदा पर मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच तालमेल स्थापित करना तथा राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का आकलन करना था। मॉक एक्सरसाइज के दौरान बाढ़ की आपात स्थिति का वास्तविक परिदृश्य तैयार किया गया। लघु सचिवालय में बने कंट्रोल रूम में सूचना प्राप्त हुई कि गांव पनिहारी के पास घग्गर नदी के बांध में दरार आ गई है तथा कुछ लोगों के नदी में गिरने की सूचना है। इसके बाद कंट्रोल रूम ने संबंधित विभागों को सूचना प्रेषित कर दी।



**सिरसा।** मॉक एक्सरसाइज करते कर्मचारी तथा रेस्क्यू करती एनडीआरएफ की टीम।

### टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया

एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस व आर्मी के टीमें उपकरणों से लैस होकर मौके पर पहुंच गई और बचाव कार्य तेज कर दिया। जवानों ने विशेष रेस्क्यू उपकरणों एवं मोटर बोट की सहायता से नदी में सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान नदी में डुब रहे आठ लोगों को प्रशिक्षित टीमों ने नदी से बाहर निकाला, इसके बाद उन्हें फस्टएड देते हुए दो को नागरिक अस्पताल तथा छह को पीएचसी पनिहारी भेजा गया। अधिकारियों को मौके पर मौजूद बीडीपीओ हरीश कुमार ने मौके के हालात बताए। एनडीआरएफ की तरफ से राहत कैंप भी लगाया गया। मौके पर सिंचाई, बिजली, स्वास्थ्य, अग्निशमन व ट्रैफिक पुलिस की टीमें भी तैनात रही।

---

*हाईकोर्ट में विधायक की याचिका पर सुनवाई*

## न्यायालय ने सरकारी पक्ष से आज फिर तर्क रखने को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में वीरवार को सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया की ओर से कूड़े कचरे की सफाई को लेकर लगाई गई याचिका पर सुनवाई हुई और इस मामले में उच्च न्यायालय की ओर से शुक्रवार तक सरकार को अपना जवाब दाखिल करने को निर्देशित किया गया है। विधायक गोकुल सेतिया की ओर से लगाई गई याचिका के पक्ष में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अर्पणदीप नरूला न्यायालय में पेश हुए और सिरसा शहर में फैले कूड़ा कचरा और इससे होने वाली संभावित बीमारियों को लेकर विस्तृत ब्यौरा रखा। सरकार की ओर से हालांकि अपने बचाव में सिरसा को पांच जोन में विभाजित कर व्यवस्था को बेहतर बताने का प्रयास किया गया और इसी कड़ी में एक जोन में पूरी तरह सफाई व्यवस्था को सही ठहराने का प्रयास किया, मगर अधिवक्ता अर्पणदीप नरूला ने इस पक्ष को पूरी तरह से हाशिए पर रखते हुए न्यायालय को सूचित किया कि जिस जोन को सरकार की ओर से बेहतर बताया जा रहा है वहां 15 मई को सीएम हरियाणा का दौरा है, इसलिए वहां से थोड़ा बहुत कचरा उठाया गया है, वर्ना पूरे शहर की अवस्था ऐसी है कि वहां से किसी भी आमजन का गुजर नहीं हो सकता।

## नियुक्तियों में आरक्षण को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उदय संस्था, डॉ. बीआर अंबेडकर युवा क्लब एवं सूर्या क्रांति युवा क्लब के नेतृत्व में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शोधार्थियों ने विश्वविद्यालय में अस्थायी एवं संविदा नियुक्तियों में आरक्षण नीति लागू करने की मांग को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान छात्रों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के स्पष्ट दिशा-निर्देशों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उदय के संस्थापक मांगे राम ने कहा कि यूजीसी द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि 45 दिनों या उससे अधिक अवधि की अस्थायी/संविदा नियुक्तियों में एस सी, एस टी एवं ओबीसी वर्गों के लिए आरक्षण नीति अनिवार्य रूप से लागू की जाए। साथ ही यह भी कहा गया है कि केवल नियुक्ति के अस्थायी होने के आधार पर आरक्षण नियमों की अनदेखी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन इन नियमों का पालन करने में विफल रहा है, जो सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है।



**सिरसा।** आरक्षण नीति लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते संस्था के सदस्य।



### आरपीएस की स्वाति ने 99.6, ईप्शा ने 99.2, अक्षिता ने 99 व वनिशा ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**महेंद्रगढ़।** हाल ही में घोषित को सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की विद्यार्थी स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्शा डागा ने 99.2 प्रतिशत, अक्षिता धिमान ने 99 प्रतिशत, वनिश जैन ने 98.8 प्रतिशत, तन्नु ने 98.6 प्रतिशत, उमंग यादव ने 98.6 प्रतिशत, विशाल ने 98.4 प्रतिशत, अंकिता ने 98.4 प्रतिशत, भाविका सिंह, मीनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 प्रतिशत, निकिता यादव ने 98.2 प्रतिशत, वृति ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस के 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर सर्वश्रेष्ठता उदाहरण प्रस्तुत किया। आरपीएस स्कूल की स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्सा डागा ने 99.2 प्रतिशत, अक्षिता धिमान ने 99 प्रतिशत, वनिषा जैन ने 98.8 प्रतिशत, तन्नु ने 98.6 प्रतिशत, उमंग यादव ने 98.6 प्रतिशत, विशाल ने 98.4 प्रतिशत, अंकिता ने 98.4 प्रतिशत, भाविका सिंह, मिनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 प्रतिशत, निकिता यादव ने 98.2 प्रतिशत, वृति ने 98 प्रतिशत, नमन बंसल, गरिमा कालीरमन, रितिका रानी, वंशिका व चिराग यादव ने 97.8 प्रतिशत, धारवी यादव, अर्पित व सानवी शर्मा ने 97.6 प्रतिशत, वंशिका सोनी, बलकेश, समृधि सारा व साईस्मृति साहू ने 97.4 प्रतिशत प्राप्त किए।

## अवैध पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने जिले के नाथूसरी चोपटा क्षेत्र से दो युवकों को दो अवैध पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किए हैं। सीआईए सिरसा प्रभारी सुखजीत सिंह ने गुरुवार को बताया कि आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी पंकज व फतेहाबाद जिला के भट्टू निवासी शिव कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान नाथूसरी चौपटा से गांव नहराना की तरफ जा रही थी। इस दौरान गांव नहराना की गउशाला के नजदीक एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने युवक को दबोच लिया और तलाशी ली तो उसके कब्जे से 32 बोर का अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान सिरसा निवासी पंकज के रूप में हुई है। एक अन्य घटना में सीआईए सिरसा पुलिस ने गांव कागदाना क्षेत्र से फतेहाबाद के भट्टू निवासी शिव कुमार को 32 बोर का अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस सहित दबोचा है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ नाथूसरी चोपटा पुलिस थाना में अभियोग दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ कर अवैध हथियारों के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी।



**सिरसा।** अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार आरोपी।

### मंडियों में किसानों की दुर्दशा भाजपा की विफलता: सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा की अनाजमंडियों में किसानों को हो रही भारी परेशानियों पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि प्रदेश की मंडियों में फैली अव्यवस्था सरकार की किसान विरोधी सोच को उजागर कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान पिछले एक महीने से अपनी गेहूं की फसल की तुलाई का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन की लापरवाही के कारण हजारों क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा हुआ है। बारिश, धूल और गंदगी के बीच किसानों की मेहनत खराब हो रही है और उनकी पेमेंट भी अटकाई जा रही है। मंडियों में न तो फसल उठान की उचित व्यवस्था है, न ही किसानों को समय पर भुगतान मिल रहा है। किसानों की मेहनत से पैदा हुआ अनाज खुले में खराब हो रहा है, लेकिन सरकार के जिम्मेदार अधिकारी केवल तमाशबीन बने हुए हैं। यह स्थिति प्रदेश के किसानों के साथ अन्याय है और कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। सैलजा ने सरकार से मांग की कि मंडियों में गेहूं की तुरंत तुलाई और उठान सुनिश्चित किया जाए।

## टायर गलाने की फैक्ट्री का विरोध : ग्रामीणों के धरने पर दूसरे दिन पहुंची महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

गांव जोगीवाला में आधा दर्जन गांवों के किसानों द्वारा राजस्थान बॉर्डर पर धरने के दुसरे दिन महिलाओं ने पंहुचकर समर्थन दिया। इस दौरान दूसरे दिन धरनास्थल पर गांधी गांव का किसान भानी राम ने पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया की वह अपनी जमीन फैक्ट्री मालिक को नहीं सौपेगा। धरनारत लोगों ने बताया किराजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की भादरा तहसील के गांव गांधी में टायर जलाने वाली फैक्ट्री स्थापित की जा रही है, जिससे क्षेत्र में प्रदूषण फैलने की आशंका है। गांव गांधी हरियाणा-राजस्थान सीमा पर स्थित है। किसानों का कहना है कि फैक्ट्री लगने से आसपास के गांवों की हवा, पानी और खेती प्रभावित हो सकती है। इसी विरोध में हरियाणा के जोगीवाला, चाहरवाला, रामपुरिया बगडय़ा सहित कई गांवों के ग्रामीण और किसान मौके पर पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। धरने में राममूर्ति सहारण, रामेश्वर, सरपंच स्मेस्ता बैनीवाल, मूर्ति देवी, किसान नेता दीवान सहारन, बलराम सहारन शक्कर मंदोरी, देश बंधु बैनीवाल, अनिल बैनीवाल सरपंच प्रतिनिधि, कृष्ण पूर्व सरपंच, महावीर भाकर, भूप सिंह बैनीवाल, हरबंस खेतलान, प्रवीण पोहड़, सुभाष जाखड़, रामूर्ति खेतलान आदि मौजूद रहे।



**सिरसा।** धरने पर बैठी महिलाएं।

## आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी से मिला पीड़ित परिवार

### मुख्य आरोपी पर धमकी देने का आरोप

**सिरसा।** जिला के गांव खाजाखेड़ा में एक पखवाड़े पूर्व हुई हत्या के मामले में पीड़ित परिवार ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर वीरवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। एसपी से मिलने पहुंचे मृतक के भाई बलबीर व गोगी, माता मूर्ति देवी, पिता पतराम व खाजा खेड़ा निवासी बलवंत सिंह नंबरदार, मनवीर सिंह पप्पू सरपंच आदि ने बताया कि सदर थाना सिरसा में बीती 27 अप्रेल को आरोपियान जसविंद्र निवासी गुरूतेग बहादुर नगर सिरसा, योगेश, अजय, प्रिंस व कई अन्य व्यक्तियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में दो अन्य नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। यही नहीं वह परिवार के लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से धमकियां भी दे रहा है, जिससे परिवार के लोग भय के साए में जी रहे हैं। मृतक के भाई बलबीर ने बताया कि आज से करीब एक साल पहले सागर निवासी खाजा खेड़ा निशु राज पैलेस सिरसा में काम करने के लिए गया हुआ था तो वहां जसविंद्र जस्सु उर्फ बठल निवासी गुरुतेग बहादुर नगर सिरसा ने सागर से नैपकिन मांगा था, जोकि सागर ने नैपकिन देने से मना कर दिया था। जिस कारण जसविंद्र जस्सु उर्फ बठल ने सागर के साथ झगड़ा किया था। तब से जसविंद्र सागर से रंजिश रखने लगा और उसे जान से मारने की फिराक में था। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके परिवार को न्याय दिलाया जाए।

**अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या**

## तीन बाण के धारी तीनों बाण चलावो ना... पर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से भजन संध्या का आगाज किया। उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन जब तू मेरे साथ है फिर डरने की क्या बात है, लहर लहर लहराये रे झंडा बजरंग बली का, अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे, हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। बाद में दिल्ली से आई भजन गायिका टविंकल शर्मा ने भजन - भीगी पलकों ने श्याम पुकारा है, हारे के सहारे मुझको तेरा ही सहारा, दानी होकर क्यू चुप बैठा ये कैसी दातारी रे, तूं खाटू बुलाता रहे और मैं आता रहूं, तीन बाण के धारी तीनों बाण चलावो ना, मेरा श्याम रंगीलो पलकां उघाड़ो फाल्गुन आ ग्यो, हाथों में लेके निशान चला रे मैं अपने बाबा के धाम चला रे, दर्जी सीम दे निशान मणै खाटू जाणा सै, श्याम तेरे भक्तों को तेरा ही सहारा है, श्याम बगीची वाले ने कमाल कर दिया जो भी आया मालामाल कर दिया सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। जिन पर श्यामप्रेमी जमकर नाचे।



**सिरसा।** भजनों की प्रस्तुति देते हुए भजन गायिका।

## खबर संक्षेप

### प्राइवेट स्कूल वाहन संचालकों को नोटिस

**सिरसा।** जिले में प्राइवेट स्कूल वाहनों में चेकिंग में लगातार खामियां मिल रही है। ऐसे में स्कूली बच्चे वैन में जोखिम भरा सफर कर रहे हैं। इसे लेकर आरटीए एवं ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। वीरवार को भी कई वाहनों की चेकिंग हुई। पिछले दो दिन से पुलिस टीम ने स्कूल वाहनों की चेकिंग की जा रही है, जिसमें कई तरह की अनियमिताएं मिल रही है। इस पर कई स्कूल वाहनों के चालान किए गए हैं। इसे देखते हुए आरटीए एवं पुलिस ने सभी प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों को नोटिस जारी किया है, जिसमें लिखा कि सभी स्कूल गर्मियों की छुट्टियों के दौरान अपने वाहनों के दस्तावेज पूरे करवा लें और सभी सुविधाओं की व्यवस्था रखे।

### जैन गर्ल्स स्कूल में आगजनी से रिकॉर्ड सामग्री क्षतिग्रस्त

**सिरसा।** विद्यालय सेठ सागरमल सुराणा जैन गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यालय परिसर स्थित क्लेरिकल कार्यालय में 8 मई को अचानक आगजनी की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई। ट्रस्ट के प्रधान मक्खन लाल गोयल ने बताया कि इस दुर्घटना में विद्यालय के सभी प्रकार का लेखाजोखा व कर्मचारियों, विद्यार्थियों से संबंधित दस्तावेज, रिकॉर्ड एवं कार्यालय संबंधी सामग्री क्षतिग्रस्त हुई। अग्निशमन के कर्मचारियों व पुलिस प्रशासन की जागरूकता से अग्नि पर काबू पाया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही संबंधित प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विभागों को तुरंत अवगत कराया गया।

### इमोशनल सेफ्टी, पर्सनल वेल-बीइंग पर सेमिनार

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज द्वारा इमोशनल सेफ्टी एंड पर्सनल वेल-बीइंग विषय पर एक व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. प्रियंका सिवाच ने विद्यार्थियों को भावनात्मक सुरक्षा, मानसिक संतुलन एवं व्यक्तिगत कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में, उनके मानसिक और भावनात्मक कल्याण के लिए सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक दौर में भावनात्मक सुरक्षा और व्यक्तिगत कल्याण अत्यंत आवश्यक हैं।

### फतेहाबाद में नशा तस्कर को दबोचा, हेरोइन बरामद

**फतेहाबाद।** एंटी नारकोटिक सेल ने बीघड़ रोड क्षेत्र में नाकेबंदी और गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 12.13 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि पुलिस टीम अपराध रोकथाम और गश्त के संबंध में मिनी बाईपास, बीघड़ रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि काठ मंडी निवासी सोनू उर्फ छईयां हुड्डा सेक्टर के पास खाली प्लॉटों में ग्राहकों को हेरोइन सप्लाई करने के लिए खड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू उर्फ छईयां पुत्र गुरुबक्स सिंह, निवासी काठ मंडी, फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### बीते 14 दिनों से शहर में सफाई व्यवस्था बेहाल, आमजन परेशान

# आज से फिर लगेंगी भटूरे की रेहड़ियां दमकल-सफाई कर्मियों की हड़ताल खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले आंदोलनरत दमकल व नगरपालिका कर्मचारियों ने आखिरकार अपनी हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर लिया गया यह फैसला शहरवासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, जो पिछले 14 दिनों से सडक़ों पर बिखरे कूड़े और बदहाल सफाई व्यवस्था से जूझ रहे थे। नगरपरिषद के सफाई कर्मचारी शुक्रवार से काम पर लौटेंगे वहीं ठेका कर्मचारियों ने वीरवार से ही डोर टू डोर कचरा उठाने का काम शुरू कर दिया है।


फतेहाबाद। नगरपरिषद कार्यालय में तैयार खड़ी डोर टू डोर कचरा उठाने वाली गाड़ियां। फोटो : हरिभूमि

बता दें कि शहर में बेतहाशा गंदगी के चलते बुरा हाल हो गया है। यही कारण है कि शहर में लगने वाली नाश्ते, फास्ट फूड व अन्य खाने-पीने सामान की रेहड़ियां लगानी बंद हो गई थी। उम्मीद है कि आज से रेहडिय़ां लगनी शुरू हो जाएंगी। दरअसल शहर के जाट धर्मशाला, भट्टू रोड, जवाहर चौक पर छोले-भटूरों की रेहडिय़ां लगती हैं जोकि गंदगी के कारण 10 दिनों से बंद है।

नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान नरेश राणा ने बताया कि बुधवार को सरकार और संघ के प्रतिनिधिमंडल के बीच उच्च स्तरीय वार्ता हुई थी। इस बातचीत में सरकार ने कर्मचारियों के प्रमुख मुद्दों और मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए उन्हें पूरा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। आज हुई राज्य कार्यकारिणी की बैठक में, जिसमें फतेहाबाद के नेताओं ने भी हिस्सा लिया, सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार को समय देते हुए हड़ताल को 30 जून तक स्थगित कर दिया जाए। बातचीत में सरकार द्वारा फरीदाबाद में शहीद हुए दमकल कर्मचारियों के परिवार को 50-50 लाख की आर्थिक सहायता व एक सदस्य को नौकरी देने का वायदा किया है जिसके बाद दमकल कर्मचारियों ने भी फिलहाल हड़ताल को स्थगित कर दिया है।

**शुक्रवार सुबह से सफाई कर्मचारी काम पर लौटेंगे**

हड़ताल खत्म होने की घोषणा के साथ ही यह साफ हो गया है कि शुक्रवार सुबह से सभी सफाई कर्मचारी काम पर नजर आएंगे। पिछले 14 दिनों से सफाई ठप होने के कारण शहर के चौक-चौराहों पर कूड़े के बड़े ढेर लग गए थे, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया था। अब कर्मचारियों के काम पर लौटने से सफाई व्यवस्था दोबारा पटरी पर लौट सकेगी। हालांकि वीरवार को भी कर्मचारी नगरपरिषद कार्यालय के बाहर धरने पर डटे रहे, लेकिन फैसले के बाद उन्होंने इसे अपने एकजुट संघर्ष की आंशिक जीत बताया। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि 30 जून तक सरकार ने किए गए वादों को अधिसूचना के जरिए लागू नहीं किया, तो वे दोबारा बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इसके साथ ही यूनियन ने हड़ताल के कारण जनता को हुई भारी परेशानी के लिए खेद भी प्रकट किया है।


फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए नशा तस्कर। फोटो : हरिभूमि

## पंजाब से हरियाणा में हेरोइन बेचने आए दो भाई गिरफ्तार

**लाखों की हेरोइन बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एंटी नारकोटिक सेल की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पंजाब से हरियाणा में नशा सप्लाई करने आए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 22.30 ग्राम हेरोइन और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुरविन्द्र सिंह उर्फ गुरी और नारायण उर्फ विक्की के रूप में हुई है। ये दोनों सगे भाई हैं और पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब की भुल्लर कॉलोनी के निवासी हैं। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि उनकी टीम रतिया-बुढलाडा रोड पर स्थित ब्राह्मणवाला पुलिस चौकी के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बुढलाडा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार के चालक ने पुलिस टीम को देखकर घबराहट में गाड़ी वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। शक होने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और कार सवार दोनों युवकों को काबू कर लिया। जब नियमों के तहत कार और युवकों की तलाशी ली गई, तो उनके पास से 22.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

**शिक्षा के साथ मनोरंजन का अनूठा संगम**

## डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने वाटर पार्क में बिखेरे मस्ती के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि खेल-कूद और मनोरंजन का भी विशेष महत्व होता है। इसी उद्देश्य को सार्थक करते हुए, फतेहाबाद के प्रतिष्ठित डिवाइन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सिरसा रोड स्थित वाटर पार्क में एक यादगार और रोमांचक पिकनिक का आनंद लिया। रोजमर्रा की पढ़ाई और क्लासरूम के अनुशासन से एक दिन का अवकाश लेकर जब छात्र वॉटर पार्क पहुंचे, तो वहां का नजारा बेहद उत्साहजनक और स्फूर्ति से भरा हुआ था। स्कूल प्रबंधन ने इस एक-दिवसीय यात्रा को बेहद व्यवस्थित और यादगार बनाने के लिए वाटर पार्क प्रशासन के साथ मिलकर विशेष तैयारी की थी। जैसे ही स्कूल की बसें परिसर में दाखिल हुईं, छात्रों का स्वागत किसी वीआईपी अनुभव की तरह किया गया। बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए पौष्टिक और स्वादिष्ट जलपान की व्यवस्था की गई थी, जिससे उनकी ऊर्जा का स्तर और बढ़ गया। पार्क के सबसे रोमांचक झूलों और वेव पूल तक छात्रों की पहुंच को सुगम बनाया गया, ताकि वे बिना किसी बाधा के हर गतिविधि का आनंद ले सकें।


फतेहाबाद। वाटर पार्क में मस्ती करते डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी।

स्विमवियर पहने छात्र जब पानी की लहरों के बीच उतरे, तो उनकी खिलखिलाहट से पूरा वाटर पार्क गूंज उठा। साहसिक वॉटर स्लाइड्स, रेन डांस और वेव पूल में बच्चों ने घंटों तक मस्ती की। इस पिकनिक ने न केवल छात्रों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान की, बल्कि उनके बीच आपसी मेलजोल और टीम वर्क की भावना को भी मजबूती दी। पार्क का वातावरण बिजली जैसी फुर्ती और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

**शिक्षकों ने बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखा**

इस भ्रमण की सबसे विशिष्ट उपलब्धि छात्रों और उनके गुरुओं के बीच का आत्मीय जुड़ाव रहा। यात्रा में साथ गए 6 शिक्षकों साक्षी, कीर्ति, सुखविंद्र कम्बोज, विरेन्द्र सिंह, कुलदीप और अजय गढ़वाल की समर्पित टीम ने न केवल बच्चों की सुरक्षा और अनुशासन का ध्यान रखा, बल्कि स्वयं भी पानी की गतिविधियों में शामिल होकर बच्चों का उत्साह दोगुना कर दिया। आमतौर पर क्लासरूम में गंभीर नजर आने वाले शिक्षकों को अपने साथ खेलता और मस्ती करता देख छात्र बेहद प्रभावित हुए। शिक्षकों की इस सक्रिय भागीदारी ने गुरु-शिष्य के रिश्ते को एक नई गहराई दी, जिससे छात्रों में अपने शिक्षकों के प्रति विश्वास और सम्मान का एक नया भाव पैदा हुआ। शाम तक चली इस पिकनिक के अंत में सभी छात्र और शिक्षक बेहद प्रसन्न और तरोताजा महसूस कर रहे थे।

### निकाय चुनाव में जीत पर भाजपा ने की बैठक

**सिरसा।** भाजपा जिला इकाई की बैठक वीरवार को पार्टी कार्यालय में हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह ने कहा कि बैठक में हाल ही में संपन्न निकाय चुनावों में पार्टी को मिली शानदार जीत पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने सिरसा की जनता का आभार व्यक्त करते हुए विजयी उम्मीदवारों और कार्यकतार्ओं को बधाई दी। बैठक के दौरान आगामी जिला वर्ग प्रशिक्षण शिविर को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके तहत कार्यकतार्ओं के कौशल और वैचारिक विकास के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को जिले के प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से आयोजित करने व इसे जनसंवाद का माध्यम बनाने की रणनीति पर जोर दिया गया। जिला प्रभारी वेद फुला ने कहा कि सभी पदाधिकारी बूथ स्तर पर त्रिदेव एवं पन्ना प्रमुखों को अधिक सक्रिय करें। मौके पर जगदीश चोपड़ा, रोहताश जांगड़ा, चेयरमैन शांति स्वरूप, अंबर मेहता, हनुमान कुंडू, सागर केहरवाला आदि रहे।

## न्यूज डायरी



### जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर्स को दी भावभीनी विदाई

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी दी गई। समारोह के दौरान गीत-संगीत, नृत्य एवं अनेक मनोरंजक खेलों की प्रस्तुतियों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, प्रतिभा एवं सहभागिता के आधार पर विभागाध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह बाजवा, विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमित सांगवान और डॉ. टिम्सी मेहता द्वारा सम्मान प्रदान किए गए। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के एमए अंतिम वर्ष के छात्र विक्रम सिंह और छात्रा सिमरन को मिस्टर एंड मिस फेयरवेल का खिताब दिया गया। वहीं धीरज और काजल को मिस्टर एंड मिस पर्सनॅलिटी तथा बीए के विद्यार्थी अमर और तन्नु को मिस्टर एंड मिस चार्मिंग की उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विभाग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया।

### शिविर में सीटीएम ने सुनीं आमजन की शिकायतें

**फतेहाबाद।** आमजन की समस्याओं के जल्द समाधान करने के उद्धेश्य से वीरवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सीटीएम गौरव गुप्ता ने लोगों की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीटीएम ने कहा कि प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के निपटान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्धेश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। सीटीएम ने एक-एक कर सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। सीटीएम गौरव गुप्ता ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत के समाधान में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

### रमेश मेहता निर्विरोध रतिया ब्लॉक डिपो के प्रधान नियुक्त

**रतिया।** अनाज मंडी स्थित सरपंच बादलगढ़ के प्रतिष्ठान पर रतिया ब्लॉक के राशन डिपो धारकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ब्लॉक के लगभग सभी डिपो धारकों ने शिरकत की और संगठन की मजबूती व भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान डिपो धारकों ने हरियाणा एवं पंजाब हाई कोर्ट द्वारा हाल ही में सुनाए गए एक ऐतिहासिक फैसले पर खुशी जाहिर की। दरअसल, सरकार ने 60 वर्ष से अधिक आयु के डिपो धारकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का फैसला किया था, जिसे माननीय उच्च न्यायालय ने रद्ध कर दिया है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए सभी डिपो धारकों ने सर्वसम्मति से माननीय न्यायाधीशों का आभार व्यक्त किया और इसे न्याय की जीत बताया। बैठक के दूसरे चरण में संगठन के पुनर्गठन को लेकर चर्चा हुई। सभी डिपो धारकों की आपसी सहमति और विश्वास के साथ रमेश कुमार मेहता को रतिया ब्लॉक के प्रधान पद पर मनोनीत किया गया। प्रधान चुने जाने के बाद रमेश मेहता ने विश्वास दिलाया कि वे डिपो धारकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे और संगठन के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। नवनियुक्त प्रधान रमेश मेहता ने संगठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की। नई टीम में हेमराज को उपप्रधान, मिलख राज अलिका को सचिव, गुलशन ग्रोवर को कैशियर और बलविंदर सहनाल को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पुलिस ने स्कूली बच्चों को साइबर अपराध, पोक्सो एक्ट और डायल-112 के प्रति किया सचेत

**रतिया।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत रतिया के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलियाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून की बुनियादी जानकारी देना और उन्हें सुरक्षित भविष्य के प्रति सचेत करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला उपनिरीक्षक प्रियंका ने विद्यार्थियों को बताया कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग जितना बढ़ रहा है, उतनी ही तेजी से साइबर अपराध के मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों पर चर्चा करते हुए बच्चों को सलाह दी कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। इसके साथ ही उन्होंने ओटीपी, बैंक विवरण और पासवर्ड जैसी निजी जानकारियां किसी भी अजनबी के साथ साझा न करने की हिदायत दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है, तो वह बिना देर किए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करे। विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उपनिरीक्षक प्रियंका ने पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर समझाया और प्रेरित किया कि यदि उनके साथ कोई गलत व्यवहार होता है, तो वे डरे नहीं। उन्होंने बच्चों से कहा कि ऐसी किसी भी स्थिति में वे तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षकों या सीधे पुलिस को सूचित करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा मुस्तैद है।

## विदेश भेजने के नाम पर 11.46 लाख की ठगी फतेहाबाद पुलिस ने पंजाब से दबोचा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कनाडा का वर्क वीजा दिलवाने का झांसा देकर एक किसान से 11.46 लाख रुपये ठगने के मामले में पंजाब के फरीदकोट निवासी मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

■ रुपये लौटाने के बजाय उसे डराना-धमकाना शुरू कर दिया

आर्थिक अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक संदीप ने बताया कि गांव मियोंद खुर्द निवासी भगवान सिंह ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपियों ने उसके बेटे को कनाडा भेजने और वहां का वर्क परमिट वीजा लगवाने का वादा किया था। इस झांसे में आकर किसान ने आरोपियों को समय-समय पर बैंक आरटीजीएस और नकद माध्यम से कुल 11 लाख 46 हजार 900 रुपये का भुगतान कर दिया। पीड़ित ने बताया कि जब काफी समय बीत जाने के बाद भी काम पूरा नहीं हुआ, तो उसने अपने रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपियों ने रुपये लौटाने के बजाय उसे डराना-धमकाना शुरू कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित को धमकी दी कि उसके बेटे के असली दस्तावेज, जिनमें पासपोर्ट और मार्कशीट शामिल हैं, उनके कब्जे में हैं। उन्होंने दस्तावेजों को जलाने और पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर मामले की गहनता से जांच की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए।

### सेवानिवृत इंस्पेक्टर ओम प्रकाश चुघ बने ह्यूमन हेल्पिंग हाट्र्स एसो. के प्रदेशाध्यक्ष

**रतिया।** जिला के प्रमुख समाजसेवी एवं हरियाणा पुलिस सेवा से सेवानिवृत इंस्पेक्टर ओम प्रकाश चुघ को ह्यूमन हेल्पिंग हाट्र्स एसोसिएशन का हरियाणा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति का पत्र जारी करते हुए एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक चोपड़ा एडवोकेट ने कहा कि उनकी नियुक्ति से राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर संस्था की सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी होगी तथा हरियाणा प्रदेश में उनके कुशल नेतृत्व में ब्लॉक तहसील एवं जिला स्तर पर संस्था की शाखाओं का विस्तार होगा। उनके नेतृत्व में सामाजिक कार्यो को और अधिक गति प्रदान की जा सकेगी। उनकी योग्यता एवं अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेत्रत्व में संगठन के उदेश्य को सार्थक किया जा सकेगा। ओम प्रकाश चुघ कई सामाजिक संस्थाओं से काफी लम्बे समय से जुड़े हुए है। उनकी नियुक्ति पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने बधाई दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

### हसंगा में खेल स्टेडियम की रखी आधारशिला

**भूना।** हसंगा में लंबे समय से खेल स्टेडियम की मांग पूरी होने की दिशा में कदम बढ़ा है। जिला परिषद जिला परिषद फतेहाबाद, ग्राम पंचायत हसंगा और पंचायत समिति रतिया के संयुक्त तत्वावधान में लाखों रुपए की लागत से बनने वाले खेल स्टेडियम की वीरवार को आधारशिला रखी गई।

■ खिलाड़ियों को मिलेंगी अभ्यास की सुविधाएं

विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम में गांव की एक छोटी बच्ची के हाथों शिलान्यास कराया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य अंजू बाला सिहाग ने अपने कोटे से 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा सरपंच वकील सहारण और पंचायत सदस्य टीम ने भी सहयोग का भरोसा दिया। पंचायत समिति सदस्य कमलेश शर्मा ने भी अपने कोटे से स्टेडियम निर्माण में राशि खर्च करने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में खेल स्टेडियम नहीं होने से खिलाडिय़ों को अभ्यास के लिए परेशानी उठानी पड़ती थी।

**व्यवस्था** 72821 किसानों को उनके खाते में 1800 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया

# अब गेहूं की खरीद नहीं करेंगी एजेंसियां, पिछले साल से 92 हजार एमटी ज्यादा हुई आवक

■ कतीन खरीद एजेंसियों ने 7 लाख 53 हजार 389 एमटी गेहूं की खरीद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद में गेहूं की सरकारी खरीद बंद हो गई है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने वीरवार को सीजन की अंतिम गेहूं की खरीद की। आज 15 मई को हैफेड व हरियाणा वेयर हाऊस की खरीद भी बंद हो जाएगी। इस बार पिछले साल से करीब एक साल एमटी गेहूं की ज्यादा आवक हुई है। जिला में मुख्य तौर पर तीन खरीद एजेंसियों ने 7 लाख 53 हजार 389 एमटी गेहूं की खरीद की है, जिसके एवज में 72821 किसानों को उनके खाते में 1800 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। पिछले साल फतेहाबाद में गेहूं की सरकारी खरीद 6 लाख 61 हजार एमटी थी। इस बार अब तक खरीद एजेंसियों ने 95.58 फीसदी लिफ्टिंग कर ली है। यानि कि आज से मंडियां खाली हो जाएंगी।


फतेहाबाद। अनाज मण्डी से गेहूं की लिफ्टिंग में लगे मजदूर। फोटो : हरिभूमि

सरकारी एजेंसियों द्वारा अब तक 7 लाख 53 हजार 389 एमटी गेहूं की खरीद हो चुकी है। इसमें से 7 लाख 20 हजार 62 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है, जबकि करीब 33 हजार 327 मीट्रिक टन गेहूं मंडियों में उठान के लिए शेष है। कुल उठान प्रतिशत 95.58 फीसदी दर्ज किया गया है। किसानों को अब तक 1800 करोड़ 53 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इस बार गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था। आंकड़ों के अनुसार इस बार गेहूं खरीद पिछले कुछ वर्षों की तुलना में अधिक रही है। वर्ष 2020 में जिले में 7 लाख 12 हजार 551 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई थी, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 7 लाख 1 हजार 641 मीट्रिक टन रहा। पिछले साल यहां 6 लाख 61 लाख 485 एमटी गेहूं की खरीद हुई थी। इसके मुकाबले 2026 में अब तक कुल 7 लाख 53 हजार 389 एमटी गेहूं की खरीद दर्ज की गई है। इससे साफ है कि इस बार आवक और खरीद दोनों में तेजी देखने को मिली है। मंडी अधिकारियों का कहना है कि अब सीजन समाप्त हो चुका है और जल्द ही उठान को पूरा कर लिया जाएगा।

**छह वर्षों में गेहूं खरीद**

| | |
|---|---|
| 2020 | 7,12,551 मीट्रिक टन |
| 2021 | 6,96,461 मीट्रिक टन |
| 2022 | 4,29,641 मीट्रिक टन |
| 2023 | 6,14,656 मीट्रिक टन |
| 2024 | 7,01,641 मीट्रिक टन |
| 2025 | 6,61,485 मीट्रिक टन |
| 2026 | 7,53,389 मीट्रिक टन (अब तक) |